## खबर संक्षेप

### मासांत तक पूर्ण कराएं हितग्राही एवं नाम जोड़ने की प्रक्रिया

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), द्वितीय चरण के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का चयन कर सर्वे सूची में नाम जोड़े जाने सहित अन्य वांछित कार्यवाही 31 मार्च 2025 तक आवश्यक रूप से पूर्ण कराए जाने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने ग्रामीण क्षेत्रों की समस्त ग्राम पंचायतों में नामांकित सुपरवाइजर, ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित पात्रता के मापदंडों का पालन करते हुए सर्वेक्षण के दौरान पात्र हितग्राहियों का चयन करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि कोई भी पात्र हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं अपात्र हितग्राही का चयन सिद्ध पाए जाने पर सर्व संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### होली के मद्देनजर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की लगी डयूटी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को होली धुरेड़ी और 15मार्च को भाई दूज के त्योहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखनें के उद्धेश्य से कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की डयूटी लगाई गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी इस संबंध के आदेश के तहत संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी एस.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा को बनाया गया है। जबकि तहसीलदार कटनी शहर बी.के. मिश्रा, तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी, नायब तहसीलदार पहाड़ी अतुलेश सिंह और अतिरिक्त तहसीलदार कटनी को अपने अपने तहसील क्षेत्र के तहत कार्य संपादन हेतु 13 से 15 मार्च तक त्योहार के मद्देनजर डयूटी लगाई गई है। इसी आदेश में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़, बहोरीबंद और ढीमरखेड़ा को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अनुविभाग और तहसील क्षेत्र अंतर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की डयूटी लगाना सुनिश्चित करें।

### एनएसएस के छात्र ने ढीमरखेड़ा महाविद्यालय का रोशन किया नाम



**ढीमरखेड़ा।** सामाजिक जागरूकता,नेतृत्व कौशल और डिजिटल साक्षरता के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अमरकंटक में 2 से 8 मार्च 2025 तक राज्य स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा की एनएसएस इकाई के छात्र अभिषेक विश्वकर्मा ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और महाविद्यालय का नाम रोशन किया।शिविर से महाविद्यालय आगमन पर प्राचार्य रजनीश कुशवाहा,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कृष्ण कुमार नागवंशी ने छात्र को सम्मानित कर उज्वल भविष्य की कामना की।शिविर से प्रेरित होकर बीएससी तृतीय वर्ष के अभिषेक ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली। इस दौरान सहायक प्राध्यापक नूतन केवट, पुष्पेंद्र लोधी,डॉ. निर्मला वास्केल, डॉ. श्वेता बघेल,स्मिता परसाई, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता,युवराज तिवारी, स्वयंसेवक आकांक्षा मेहरा,एकता सोनी,दीनदयाल चक्रवर्ती सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### अलग अलग स्थान से पकड़े गए पांच जुआरी

**कटनी।** अलग अलग स्थानों में जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को माधवनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। बड़खेरा में पुरूषोत्तम बेन एवं नृपेन्द्र नाथ को जुआ खेलते पकड़ा। इसी तरह बड़खेरा तालाब के पास बिल्लू गड़ारी, पप्पू यादव एवं राजेश यादव को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया।

## पर्व में कानून व्यवस्था बनाएं रखने पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही

# बदमाशों के हौसले पस्त करने गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस कप्तान द्वारा होली पर्व के दौरान कानून व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने के लिए सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को सतत निरीक्षण एवं बदमाशों पर निगरानी रखने के निर्देश दिये गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा के नेतृत्व में कार्यवाही की गई है।

चौकी प्रभारी खिरहनी एवं बस स्टैंड पुलिस टीम द्वारा गश्त एवं एरिया डोमिनेशन किया जा रहा है। होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर स्थानीय नागरिकों को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण होली मनाने की अपील की गई है।



### अवैध शराब की गई जब्त

पुलिस द्वारा संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश देकर अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने का अभियान जारी है। पिछले तीन दिनों में 23 प्रकरण दर्ज कर 300 पाव देशी शराब एवं 7 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 32,000 जब्त की गई है।

### जुआरियों एवं सटोरियों को दबोचा

गुप्त सूचना के आधार पर दो जुआ ठिकानों पर दबिश देकर छह व्यक्तियों से 1,300 जब्त किए गए। इसी प्रकार, सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दो सटोरियों से 500 बरामद किए गए हैं।

### चाकू लेकर घूमते युवक को पकड़ा

इलाके में गश्त के दौरान अवैध रूप से चाकू लेकर घूमते पाए गए आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

### बाउंड ओवर की कार्यवाही

त्यौहारों में किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए गुंडे-बदमाशों को थाने में तलब कर कड़ी चेतावनी दी गई। आदतन अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है

### माधवनगर पुलिस ने 7 को पकड़ा

माधवनगर थाना प्रभारी उप निरी रूपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ ने त्योहारो मे उपद्रव करने वाले आदतन अपराधियो के विरूध्द प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की। पुलिस ने कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय मे पेश किया। कार्रवाई की जानकारी देते हुए माधव नगर थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया की होली पर्व मे शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु माधवनगर पुलिस के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य मे गत 11 मार्च को पूर्व के रिकार्ड निकालकर त्योहारो मे शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियो को चिन्हित कर कुल 7 व्यक्तियो के विरूध्द प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय से परिशान्ति बनाये रखने हेतु बाऊण्ड कराया गया है। इसके साथ ही लगातार पैदल पेट्रोलिगं तथा फ्लैग मार्च करके आम जन को परिशान्ति बनाये रखने हेतु एवं शान्ति पूर्वक त्योहार बनाने हेतु अपील की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी माधवनगर उप निरी रूपेन्द्र राजपूत, उप निरी दीपू कुशवाहा, प्रआर पवन सिहं, प्रआर अजीत, प्रआर नीलेश, आर भानू, आर सुभाष, आर विनोद, आर लोकेन्द्र, आर पिन्टु, आर आदर्श एवं ओम शिव तिवारी एवं अन्य बल की विशेष भूमिका रही।

### बड़वारा पुलिस ने किया चेक

होली पर्व को देखते हुए क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बड़वारा पुलिस द्वारा क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर परिस्थितियों का जायजा लिया जा रहा है और इसके साथ ही क्षेत्र के गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए उन्हें हिदायत दी जा रही है। बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने कहा कि पर्व को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, मुख्यालय एसडीओपी उमराव सिंह के मार्गदर्शन में बड़वारा पुलिस लगातार कार्यवाहियों को अंजाम दे रही है। इसी क्रम में आज क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में पुलिस के द्वारा पैदल पेट्रोलिंग की गई और वहां पर संदिग्ध गतिविधियों में घूमते पाए गए बदमाश तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें हिदायत दी गई।

# पेयजल समस्या के निराकरण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रीष्मकाल में सम्भावित पेयजल संकट और जलजनित बीमारियों को दृष्टिगत रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपम्पों के खराब होने और भू-जल स्तर में गिरावट से हुई पेयजल की समस्या के सतत निगरानी हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07622-225752 है। जिला स्तरीय प्रकोष्ठ प्रभारी एस.एन.पाल अनुरेखक प्रकोष्ठ प्रभारी, सुनीता द्विवेदी रजिस्टर प्रभारी, विवेक कुमार सिंह रजिस्टर प्रभारी, एवं विनय त्रिपाठी रजिस्टर प्रभारी को बनाया गया है।

ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या ना हो और खराब होने वाले हैण्डपम्प व नलजल योजनाओं का सुधार कार्य कर पानी की समस्या को दूर किये जाने के लिये विभाग द्वारा खण्ड स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यदि पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है तो उपखण्ड कटनी के विकासखण्ड कटनी, साकेत सुहाने, सहायक उपयंत्री साथ ही मधु भलावी उप यंत्री कटनी, अमर सिंह गहरवार उपयंत्री रीठी, राजेन्द्र कुमार खरे हैण्डपम्प तकनीशियन कटनी, प्रिया कोरी विकासखण्ड समन्वयक कटनी, लक्ष्मण बुनकर विकासखण्ड समन्वयक रीठी से सम्पर्क कर निराकरण कराया जा सकता है। जबकि उपखण्ड विजयराघवगढ़ में विकासखण्ड बड़वारा एवं विजयराघवगढ़ में दिनेश कुमार इनवाती प्रभारी सहायक यंत्री, अजय कुमार शर्मा, उपयंत्री बड़वारा, बृजेश निगम से सम्पर्क कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

**भू जल स्तर में गिरावट पर उपखंडवार कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्व**

### जिला स्तरीय कंट्रोल रूम

उपखण्ड स्लीमनाबाद के विकासखण्ड बहोरीबंद में विकल्प पटेल, सहायक उपयंत्री, अनिल चुमलके उपयंत्री बहोरीबंद, विकासखण्ड ढीमरखेड़ा में शेखर सेन उपयंत्री, सत्यप्रकाश हल्दकार विकासखण्ड समन्वयक ढीमरखेड़ा, रजनीश कोरी हैण्डपम्प मेकैनिक बहोरीबंद से संपर्क कर शिकायत का निराकरण कराया जा सकता है एवं जिले की शिकायत हेतु कार्यपालन यंत्री खण्ड कटनी एवं जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम 07622-225752 में सम्पर्क किया जा सकता है।

**कैमोर थाना क्षेत्र में 10 मार्च को ट्रक के अंदर मिली थी लाश**

# कंडक्टर ने ही उतारा था ट्रक चालक को मौत के घाट, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ट्रक चालक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। चालक की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि कंडक्टर ने ही की थी। गौरतलब है कि कैमोर थाना क्षेत्र के में खड़े ट्रक के केबिन के अंदर ट्रक मालिक जो कि चालक भी था, उसकी रक्त रंजित लाश मिली थी। कंडक्टर की शिकायत के आधार पर पुलिस हादसा मानकर मामले की जांच कर रही थी लेकिन मर्ग रिपोर्ट में पुलिस को यह पता चला कि ट्रक मालिक किसी हादसे का शिकार नहीं हुआ, बल्कि उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस को कंडक्टर की बताई कहानी संदिग्ध लगी और उसे हिरासत में लेकर सख्ती के साथ्ज्ञ पूछताछ की तो उसने पूरी कहानी उगल दी।

10 मार्च की सुबह कैमोर के पाठक ट्रक पार्किंग यार्ड में ग्राम पथरिया दमोह निवासी 32 वर्षीय काऊ उर्फ प्रदीप जैन पिता सुशील जैन का शव ट्रक क्रमांक एमपी 15 जेडडी 9209 के केबिन में पाया गया था। घटना के बाद ट्रक कंडक्टर पथरिया वार्ड क्रमांक 12 जिला दमोह निवासी प्रहलाद उर्फ पिल्लू पटेल पिता केशव पटेल ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा था कि उसका ट्रक मालिक सुबह शौच के लिए उठा था। इस दौरान गिरकर घायल हो गया। बाद में ट्रक के केबिन में आकर जब वह सो गया तो उसकी मौत हो गई।

### पीएम रिपोर्ट से खुलासा

लाश मिलने की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई घटनास्थल का जायजा लिया। कंडक्टर द्वारा जो कहानी पुलिस को बताई गई उसे सही मान कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही करने में जुट गई। मृतक का शव परीक्षण रिपोर्ट सामने आने के बाद जब यह बात सामने आई की किसी भारी वस्तु से उसके सिर पर हमला करके उसकी हत्या की गई है, तो पुलिस ने तत्काल झूठी कहानी सुनाने वाले कंडक्टर पिल्लू को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए कंडक्टर पिल्लू ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि 10 मार्च की सुबह लगभग 4 बजे, उसने अपने ट्रक मालिक प्रदीप जैन से पानी मांगा था। लेकिन उसने सुना नहीं और पानी नहीं दिया। इस बात से आक्रोशित होकर उसने अपने ट्रक मालिक को एक तमाचा जड़ दिया। जिसके बाद दोनों के बीच गाली गलौज होने लगी। आवेश में आकर ट्रक के केबिन में रखें टाई लीवर को उठाकर उसने प्रदीप के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया, जिससे प्रदीप वही चित हो गया।

मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी क्लीनर के खिलाफ धारा 103(1), 212 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## जिपं अध्यक्ष एवं सदस्यों ने पीएम एवं राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी 14 सदस्यों ने प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दे है कि यदि एक माह के अंदर ज्ञापन के जरिए की गई शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जाता और कोई कार्यवाही नहीं की जाती तो वे सभी लोग सामूहिक रूप से इस्तीफा दे देंगे। ज्ञापन में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता रमेश मेहरा ने कहा कि मेरे द्वारा बार – बार ऐजेन्डा जारी करने के बाद भी जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी द्वारा बैठक की सूचना जारी नही की जाती। पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत अगर किसी कारण अध्यक्ष बैठक की सूचना जारी नही करता तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वत: ही उस बैठक की सूचना जारी कर सकता है। लेकिन कटनी जिला पंचायत में ऐसा नहीं होता। कार्यवाही नहीं होती तो अध्यक्ष एवं सभी सदस्य समूहिक इस्तीफा देने बाध्य होंगे।

# विशेष तैयारियाँ: पानी सप्लाई, फायर वाहन एवं कर्मचारी किए गए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कटनी नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम द्वारा सुरक्षा,पानी,साफ-सफाई जैसे विभिन्न व्यवस्थाएँ की गई हैं।

होली में पानी की विशेष व्यवस्था हेतु विगत वर्षों की भाँति दिनांक 14 एवं 15 मार्च को अतिरिक्त जलापूर्ति की जावेगी ,जिसमें सिविल लाइन टंकी एवं नलकूपों से संबंधित क्षेत्रों में दोपहर 1.30 बजे अतिरिक्त जलापूर्ति की जावेगी, साथ ही नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों में टैंकर के माध्यम से नागरिकों को जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जावेगी जिससे नागरिकों को पानी की कमी न हो। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से आगजनी की दुर्घटनाओं से जान माल के खतरे को रोकने हेतु नगर निगम के तीन उप कार्यालय खिरहनी,माधवनगर व नगर निगम कार्यालय तीनों स्थानों में फायर वाहन की व्यवस्था भी की गईं है ताकि किसी भी प्रकार की आगज़नी की सूचना मिलने पर आग को नियंत्रित किया जा सके।इसके साथ ही शहर में विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए है।

आयुक्त ने शहर में होलिका दहन से किसी भी प्रकार के रोड जर्जर होने जैसी क्षती को ध्यान में रखते हुए होलिका दहन वाले स्थानों में मिट्टी का उपयोग करने व आवश्यकता होने पर समितियों को मिट्टी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये है एवं सुरक्षा व शांतिपूर्ण होली के पर्व को संपन्न कराने हेतु 10 कर्मचारियों की टीम को नियुक्त करते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने हेतु आदेशित किया है।

आयुक्त ने नगर वासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएँ देते हुए अपील की है कि नगर के सभी नागरिक व होलिका समितियाँ होलिका दहन के स्थानों में मिट्टी/रेट का उपयोग करें व सुरक्षा हेतु सतर्कता रखते हुए होलिका दहन रोड के बीच में व विद्युत पोल/तारों से दूर करें ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो और निर्विघ्न हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाया जा सकें,शहर के सभी नागरिकों से व्यवस्थाएँ बनाये रखने हेतु सहयोग की अपेक्षा की है।

**उड़न दस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण**

# 43 केन्द्रों में 917 परीक्षार्थी हुए परीक्षा में शामिल, नहीं बना नकल का प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में कक्षा 12वी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहीं है।

### 10 छात्र रहे गैरहाजिर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 12 मार्च को हायर सेकेन्ड्री स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 25 अंतर्गत कक्षा 12वीं के संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के 43 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। संस्कृत विषय की परीक्षा के दौरान दर्ज 927 परीक्षार्थियों में से 917 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान उपस्थित हुए तथा 10 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित पाए गए।





कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर बोर्ड परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों एवं गठित दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर संचालित परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया।

### डीईओ ने लिया जायजा

बुधवार को आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2025 में जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह द्वारा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों सीएम राइज स्कूल कटनी, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिलहरी, कन्या हायर सेकंडरी स्कूल स्लीमनाबाद के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा मंडल के निर्देशों अनुरूप एवं शांतिपूर्ण पाई गई।

वहीं सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के दल द्वारा परीक्षा केंद्र खड़ौला स्कूल, वेंकट वार्ड स्कूल कटनी, के.सी.एस स्कूल कटनी सहित नालंदा स्कूल के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया उक्त केंद्रों में भी परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई। बुधवार को आयोजित परीक्षाओं के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र में एक भी नकल का प्रकरण नहीं बना।

## खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत की गई कार्यवाही

# अवमानक खोवा विक्रय करने पर 30 हजार रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी साधना परस्ते द्वारा अवमानक खाद्य पदार्थ खोवा का भंडारण एवं विक्रय करने पर सिल्वर टॉकीज स्थित गुप्ता खोवा कमीशन एजेंट के निवासी बाल कृष्ण गुप्ता पिता राम स्वरूप गुप्ता निवासी आदर्श कॉलोनी कटनी के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए 30 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

जिले मे मिलावट से मुक्ति अभियान तथा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही का सिलसिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर निरंतर जारी हैं। जिसके तहत अमानक खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने सहित दांडिक कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है।

### ये है मामला

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा विगत 14 मार्च 2022 को निरीक्षण के दौरान सिल्वर टॉकीज रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठान गुप्ता खोवा कमीन एजेंट का औचक निरीक्षण प्रतिष्ठान संचालक बालकृष्ण गुप्ता की मौजूदगी में किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान पर खोवा, पनीर, सूजी, केक, दही आदि का विक्रय होना पाया गया। निरीक्षण के दौरान खोवा की गुणवत्ता में संदेह होनें पर प्रतिष्ठान संचालक एवं गवाहों के समक्ष नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए खाद्य पदार्थ सफेद खोवा का नमूना लिए जाकर साक्षियों के



समक्ष हस्ताक्षर करवानें की कार्यवाही की जाकर पंचनामा तैयार किया गया। तदोपरांत एकत्रित खाद्य पदार्थो के नमूनों को जांच हेतु भेजे जाने पर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन कटनी द्वारा 25 अप्रैल 2022 को पत्र के माध्यम से सफद खोवा का नमूना अवमानक होना बताया गया।

रिपोर्ट प्राप्ति के पश्चात प्रतिष्ठान संचालक को नमूने की जांच रिपोर्ट की प्रति सहित नमूने के द्वितीय भाग को पुनः परीक्षण कराये जाने बाबत डाक पत्र से सूचित किया गया। प्रकरण में खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा किया गया उल्लंघन केवल जुर्माना से दंडनीय होनें के कारण अभिहित अधिकारी द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना कर संबंधितों के वरूद्ध समस्त मूल एवं अन्य दस्तावेज अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए गए।

अनावेदक द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन को प्राप्त करने के पश्चात भी अपना कोई जवाब नहीं दिया तथा लगातार अनुपस्थित रहने के कारण अपने पक्ष में कोई भी कोई भी जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। जिससे विक्रेता श्री बालकृष्ण गुप्ता के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक और मानक अधिनियम 2006 की धाराओं का उल्लंघन पाए जाने तथा लोक स्वास्थ्य हित में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जुर्माने से दंडित होने के कारण मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 के प्रावधानों उल्लंघन करने तथा दंड का भागी पाये जाने पर न्याय निर्णायक अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा गुप्ता खोवा कमीशन एजेंट के संचालक बालकृष्ण गुप्ता पिता रामस्वरूप गुप्ता निवासी आदर्श कॉलोनी को 30 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

### तीस दिवस में जमा करनी होगी अर्थदंड राशि

उपरोक्त अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से तीस दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय मे प्रस्तुत करनी होगी। अन्यथा की दशा मे खाद्य कारोबार कर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# 3 विद्यालयों में 7.44 लाख से होगा शौचालय निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं सह. मिशन संचालक दिलीप कुमार यादव ने जनपद शिक्षा केंद्र ढीमरखेड़ा, कटनी एवं बहोरीबंद के अंतर्गत विद्यालय एवं बालक छात्रावास में शौचालय निर्माण कार्यों हेतु 7.44 लाख रूपयों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करते हुए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से जारी शर्तों के मुताबिक नियत समय सीमा में कार्य कराए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने तकनीकी स्वीकृति के आधार पर जारी प्रशासकीय स्वीकृति के मुताबिक निर्धारित शर्तों का पालन करते हुए शौचालय निर्माण कार्य कराए जाने हेतु सर्व संबंधितों को निर्देशित किया है।

### यहां बनेंगे शौचालय

कलेक्टर द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार शासकीय एपीएस बालक विद्यालय सिलौंडी, ढीमरखेड़ा, बालक छात्रावास रॉबर्ट लाइन माधव नगर, कटनी और शासकीय प्राथमिक विद्यालय नेगवां, बहोरीबंद में 2.48 लाख रूपयों की लागत से प्रत्येक शौचालय निर्माण कार्य कराए जाएंगे। कलेक्टर ने संबंधित शाला प्रबंधन समिति को निर्माण एजेंसी अधिकृत किया है। निर्माण एजेंसी को निर्धारित प्राक्कलन ड्राइंग एवं डिजाइन के अनुसार जारी शर्तों का पालन करते हुए शौचालय निर्माण कार्य कराने होंगे। निर्माण कार्यों का निरीक्षण समय-समय पर वरिष्ठ स्तर से किया जाएगा। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान प्राक्कलन, ड्राइंग एवं डिजाइन कार्य स्थल पर उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए हैं। निर्माण कार्य तकनीकी स्वीकृति के अनुरूप नहीं पाए जाने पर कार्रवाई होगी

## खबर संक्षेप

### 30 वर्ष से अधिक वाले मेडिकल स्क्रीनिंग करायें

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है, जिसका नाम है, निरोगी काया अभियान। यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा इस अभियान के अंतर्गत जो व्यक्ति 30 वर्ष से अधिक उम्र के है, उनकी मेडिकल स्क्रीनिंग होनी है, जिसमें उनकी हीमोग्लोबिन की जांच और बीपी शुगर की जांच , कमर की जांच, और कैंसर के संबंध में जो प्रारंभिक जांच होती हैं, उनकी स्क्रीनिंग करना है, यह सभी लोगों के लिए है जो 30 साल से ऊपर के हैं, इसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्र में पूर्ण सुविधा उपलब्ध है, मेरा सभी से अनुरोध है जो लोग 30 वर्ष से ऊपर के हैं, इसका लाभ उठाएं और स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी निशुल्क जांच कराए।

### फार्मर आई डी कार्य का लिया जायजा

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गये निर्देशों के क्रम में जिले में किसानों की फॉर्मर आई डी का कार्य किया जा रहा हैं। इसी क्रम में हटा एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी के साथ आज सुबह सकोर गांव पंहुचकर राजस्व अभियान फार्मर आई डी कार्य का निरीक्षण किया। इसी प्रकार मड़ियादो में धर्मशाला मुहल्ला में फार्मर आई डी रजिस्ट्री कार्य नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, आर आई राजाराम पटेल, महेंद्र कुमार की उपस्थिति में किया गया। साथ ही तहसीलदार श्री चढ़ार ने किसानों से चर्चा की, उन्हें फॉर्मर आई डी बनवाने हेतु प्रेरित किया।

कई वाहनों के सामान हो गये चोरी, कई मामलों में घटना के बाद बदल दिए वाहन

# हफ्तों तक घटना स्थल पर पड़े रहते वाहन, पुलिस नहीं लेती खोज खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जिले के तेंदूखेड़ा अनुविभाग में सड़क हादसों में पुलिस की लापरवाही देखने में आ रही है। जिसमें सड़क हादसे के बाद हफ्तों तक वह वाहन उसी स्थान पर पड़ा रहता है, लेकिन पुलिस उन्हें उठवाकर थाने नहीं रखवाती। उसके बाद पीड़ित पक्ष के लोग जिस वाहन की शिकायत दर्ज कराते हैं उस आधार पर मामला दर्ज हो जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि आम जनता पुलिस को सूचना भी नहीं देती। ऐसी स्तिथि में उन लोगों को बड़ा नुकसान हुआ है जिनके ये वाहन थे। कई वाहनों की फोटो लोगों द्वारा मीडिया को दी गई हैं। जिनके वाहन घटना स्थल पर पड़े पड़े हैं और आधा सामान चोरी हो गया।



### सबसे ज्यादा मामले दर्ज

वर्ष 2024 में पूरे वर्ष में सबसे अधिक सड़क हादसे हुये है अधिकाश घटनाओं पर तेंदुखेडा पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। वर्ष 2024 में पूरे वर्ष में सबसे अधिक सड़क हादसे के मामले तेंदुखेडा थाने में दर्ज हुये है और अधिकाश मामले में घटनाओं पर तेंदुखेडा पुलिस नहीं पहुंची उसके बाद भी जैसा घायल या मृतक के परिजनो ने बताया उसी आधार पर पुलिस ने बीना जांच किए मामले दर्ज कर लिए अब ऐसे दर्ज मामलों को लेकर लोग तरह तरह की बात करने लगे है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यदि तीन वर्ष में दर्ज हुऐ मामले के आंकड़े देखे जाए तो वर्ष 2024 में जितने मामले तेंदुखेडा थाने में एक्सीडेट के दर्ज हुए है। उतने कभी नहीं हुए वर्ष 2022 ने पूरे वर्ष में सड़क हादसों के मात्र 25 मामले दर्ज हुऐ थे वर्ष 2023 में पूरे वर्ष में 75 एक्सीडेट के मामले दर्ज हुऐ थे जबकि वर्ष 2024 में इन मामलों की संख्या 200 पार कर गई जो अभी तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।

### बाइक सवार की मौत, वाहन लापता

इसी तरह का एक मामला मुगलवार को हमारे सामने आया जब सोमवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई और तेंदुखेडा पुलिस को घटना के बाद दिन बाद भी कोई जानकारी नहीं है। मामला पांच मार्च का है। जब बैलडाना निवासी मोहन आशाराम केवट अपनी मोटरसाइकिल से था और सामने से साइकिल पर रामलाल पिता निद्रा केवट आ रहा था दोनों में भिड़त हो गई दोनों तेंदुखेडा उपचार के लिए आये मोहन केवट को जबलपुर रिफर किया गया था जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। बाद में उसका ग्रह ग्राम में अंतिम संस्कार हुआ। मगर अभी तक पुलिस ने उस मोटर साइकिल और साइकिल का पता नहीं किया है जिससे यह घटना हुई है। अब इस मामले में भी मृतक के परिजन जो मोटरसाइकिल बनायेंगे। उसी को पुलिस जप्त करेगी किंतु अब यह पता नहीं चल पायेगा कि जो पुलिस मोटरसाइकिल जप्त करेगी यह वही हैं या उसको बदला गया है। पांच मार्च को हुई घटना और मोटर साइकिल के संबंध में जब तेंदुखेडा टी आई विजय अहिवाल से बात की तो उन्होंने बताया घटना ओर वाहन के संबंध में अभी तक मुझे कोई जानकारी नहीं है में जानकारी लेता हु।

### क्षतिग्रस्त या लापता हो गये वाहन

कुछ जानकारो ने बताया घटना जब होती है। उस समय पुलिस की जगह डायल सो मौके पर जाती हैं सड़क हादसे में घायल या मृतक तो अस्पताल आ जाते है। मगर वाहन भी खड़ी रहते है जो हापतो उसी जगह पर खड़े रहते हैं बाद में जब घायल या मृतक लोगों के परिजन जैसी जानकारी देते हैं उसी आधार पर तेंदुखेडा पुलिस मामला दर्ज कर लेती है जो वाहन परिजन बताते है। उसी की जप्ती हो जाती हैं। दूसरे शब्दों में हम काहे तो पुलिस को गुमराह करके लोग उन वाहनों को अलग कर देते हैं जिनके दस्तावेजों में कमी होती है और वह वाहन थाने में खड़े कर देते है जिनके दस्तावेज पूरे होते है ऐसी स्तिथि में कही न कही बिना कंपनियों को बड़ी मात्रा में नुक्सान हो रहा है क्योंकि जिन वाहनों से हादसे होते है वह सप्ताह या पंद्रह दिन तक तो लापता रहते है।

सगरा में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन

# जीने की कला सिखाता है श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान : मुनि श्री प्रबुद्ध सागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



आचार्य श्री विद्यासागर धर्मशाला पार्श्व नाथ मंदिर सगरा रिछई में मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी एवं मे मुनि श्री निर्दोष सागर जी महराज के मंगल सानिध्य में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में जैन परम्परा में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का विशेष महत्त्व है इसे सर्वसिद्धिदायी और मंगलकारी विधान के रूप में जाना जाता है। महासती मैना सुन्दरी द्वारा इस विधान के अनुष्ठान से अपने पति श्रीपाल का कुष्ठ मिटाने की कथा जगत्प्रसिद्ध है। यही कारण है कि आज प्रत्येक श्रावक अपने जीवन में कम से कम एक बार यह विधान करने का मनोभाव रखता है। सिद्धचक्र विधान का वाञ्छित लाभ लेने के लिए हमें इसका अर्थ और स्वरूप जानना भी अपेक्षित है। सिद्ध- जो समस्त कर्म कलंक से मुक्त देहातीत परमात्मा हैं। चक्र का अर्थ है- समूह एवं मण्डल का आशय एक प्रकार के वृत्ताकार यन्त्र से है, जिसमें अनेक प्रकार के मन्त्रों एवं अक्षरों की स्थापना की जाती है। मन्त्र शास्त्र के अनुसार इसमें अनेक प्रकार की दिव्य शक्तियाँ प्रकट हो जाती हैं। कोशकारों के अनुसार मण्डल शब्द का अर्थ है- दिव्य शक्तियों के आहवान के लिए तैयार किया गया एक गुप्त रेखाचित्र। विधान शब्द का अर्थ है- साधन या अनुष्ठान। यहाँ विधान का अर्थ एक ऐसे अनुष्ठान से है, जो हमारे इष्ट लक्ष्य की पूर्ति का साधन है। सिद्धचक्र महामण्डल विधान का अर्थ होगा विशिष्ट विधि-विधान से मन्त्र-आराधन के साथ मण्डल की रचनापूर्वक सिद्ध परमात्मा समूह की आराधना। इसमें मन्त्र तन्त्र यन्त्र तीनों का समावेश है। सिद्धचक्र मण्डल की स्थापना यन्त्र है। मन्त्राराधन इसमें समाहित है ही तथा आठ-सोलह आदि द्विगुणित क्रम से की जाने वाली पूजा एक प्रकार की तान्त्रिक प्रक्रिया है। अष्ट द्रव्य के माध्यम से अपनी भक्ति को प्रकाशित करना पूजा कहलाती है। पूजा के साथ जाप आदि अन्य प्रक्रियाओं के साथ विहित-विधि अनुसार किया जाने वाला अनुष्ठान विधान कहलाता है। मण्डल की संरचनापूर्वक होने वाला विधान मण्डलविधान कहा जाता है।

सिद्धचक्र विधान में मुख्यपात्र श्रीपाल - मैना सुंदरी पंकज जैन (पिंटू) प्रतीक्षा जैन को प्राप्त हुआ । पौराणिक काल में मैना सुंदरी के पति राजा श्रीपाल का कोढ़ इसी मंडल की पूजा के ठीक हुआ था। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान का अभिषेक पूजन शांतिधारा से किया गया जिसमें शांतिधारा का सौभाग्य अजित कुमार जैन (बरगी) , अन्नू जैन , हेमन्त , वंश जैन परिवार एवं द्वितीय शांति धारा पदम चंद जैन पिंटू जैन , निशांत जैन परिवार को प्राप्त हुआ । सायं काल भगवान की महाआरती का सौभाग्य सोनू जैन मोनू जैन, गुनू जैन , जैकी जैन परिवार को प्राप्त हुआ । कार्यक्रम का कुशल निर्देशन बाल ब्रह्मचारी सुमत भैया भोपाल के द्वारा किया जा रहा हैं ।

कार्यक्रम में कोदू लाल जैन मानक जैन दयाचंद जैन जयकुमार जैन जिनेश जैन ,देवेंद्र , अनिल जैन , सुमत , जिनेंद्र जैन अरविंद जैन सोनू जैन पिंटू जैन कमलेश जैन नीरज सिंघई मयंक जैन आदि सभी सगरा रिछई समाज की उपस्थिति रही साथ ही रोड, परस्वाहा ,बनवार , जबेरा नोहटा दमोह , जबलपुर , भोपाल , इंदौर की समाज के व्यक्तियों की सहभागिता रही ।

# जरारूधाम गौ अभ्यारण में चल रहा प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ग्रामीण और वनवासी क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करने एवं स्वास्थ्य संबधि जानकारी देने और राष्ट्र की उन्नति के लिये कार्य करने के लिये प्रेरित करने की योजना को लेकर दमोह के विभिन्न ग्रामों से एक एक चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 06 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के बटियागढ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जरारूधाम में आवासीय वर्ग में जिले के 71 ग्रामों के महिला एवं पुरूष यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह आयोजन संच संस्था के बेनर तले आयोजित किया गया है प्रातःकाल उठने से लेकर रात्रि विश्राम तक का कार्यक्रम मिनिट टू मिनिट तय किया गया है जिसका पालन करते हुये प्रशिक्षण दिया जा रहा है।जरारूधाम गौ-अभ्यारण में छै.दिनों से संच संस्थान के बेनर तले चल रहे आवासीय वर्ग के समापन अवसर पर जरारूधाम गौ-अभ्यारण के अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज एवं पदाधिकारी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल ने मां वीणापाणी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण किया। अतिथियों का परिचय एवं सम्मान के पश्यात नरेंन्द्र बजाज ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन ने संबोधित करते हुये आयोजन की सराहना की एवं सभी के उज्जवल की कामना की। उन्होने कहा कि संच द्वारा जिस प्रकार का प्रशिक्षण देकर ग्रामीणांचल एवं वनवासी क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहा है वह एक सराहनीय कार्य है। वहीं संच के पदाधिकारी आनंद जी ने बताया कि शिक्षा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में हम कार्य कर रह हैं और शासकीय योजनाओं का लाभ जन को कैसे मिले इसके लिये भी कार्य किया जाता है। इस अवसर पर प्रशिक्षकों के साथ प्रशिक्षणार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# साहू समाज की बैठक संपन्न, कर्मा जयंती आयोजन पर चर्चा



**रनेह।** तेली साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती को भव्य रूप से आयोजित करने की रूपरेखा तय करने एक महत्वपूर्ण बैठक कृष्णा कुटी नायक निवास पर संपन्न हुई। बैठक में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने सहभागिता बनाने विचार विमर्श किया। जयंती के अवसर पर आमंत्रित अतिथियों के भव्य स्वागत के साथ ही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही समाज की एकता के लिए बढ़-चढ़कर सामाजिक बंधुओ ने सहभागिता कर समाज को सशक्त बनाने संकल्प लिया।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती कंडों की होली

**बनवार।** होली पर्व के पहले से ही घर-घर में गाय के गोबर के बरूले बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह परंपरा न केवल हमारी संस्कृति का हिस्सा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हिंदू मान्यता में कंडों की होली जलाने का उल्लेख है, जो पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान देती है। इस परंपरा को जीवित रखने के लिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए कंडों की होली जलाएंगे। कंडों की होली जलाने से पर्यावरण संरक्षित होगा और जंगल भी हरे भरे रहेंगे। यह परंपरा हमारी प्राचीन परंपरा है, लेकिन लोग गोवर कंडों के अभाव में लकड़ी से होलिका दहन की रीति की ओर बढ़ते जा रहे हैं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

# सीसी सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

कटनी बीना रेल सेक्शन के रेलवे स्टेशन घटेरा में तीसरी रेलवे लाइन सहित अन्य निर्माण कार्य चल रहे हैं। बुधवार को चीफ इंजीनियर नारायण सिंह बुंदेला ने घटेरा पहुंचकर अनेक कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में तीसरी रेलवे लाइन के लिए बनाए गए मिट्टी के वेस के कटाब को रोकने के लिए तीसरे रेलवे पुल के पास बनाई जा रही बाल निर्माण की मोटाई कम होने एवं गुणवत्ताहीन निर्माण पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए कंट्रक्शन विभाग के आईओ डब्ल्यू शर्मा को फटकार लगाते हुए बिल भुगतान रोकने पर निर्देशित किया गया। हालांकि, चीफ इंजीनियर द्वारा सीसी सड़क की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया, जो कि एक गंभीर मुद्दा है। सी सी निर्माण कार्य में रेत काम और काली डस्ट का उपयोग अधिक मात्रा में किया जा रहा है और खुलेआम गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे कुछ महीनों में ही सीसी सड़क ढुर्रे उड़ते नजर आयेंगे और अस्तित्व खोती नजर आयेगी।

# चौकी प्रांगण में शांति समिति की बैठक संपन्न

**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर चौकी प्रांगण में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई आगामी होली रंगपंचमी पर्व को देखते हुए बैठक संपन्न की गई कार्यक्रम को गुबरा, पोड़ी, कुसमी हरदुआ, सिंगपुर,पटना सिंग्रामपुर गाँव लोग शामिल होकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएं। जबेरा नायब तहसीलदार राजेश साहू सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने बताया आगामी दिनों में पर्व को देखते हुए आज चौकी प्रांगण में शाम को बैठक संपन्न की गई बैठक में समाज के सभी वर्ग कि लोग उपस्थित रही। सभी लोग को धार्मिक कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए आवारा लोगों पर पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। बैठक में राजू राय, अजय सोनकर, दीपक यादव, अजय राय, गोलू साहू, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, रामस्वरूप राय, भागचंद यादव सहित अन्य ग्राम के लोगों की एवं स्टाप मे प्रधान आरक्षक कि मोजूगी रही।



# शांति समिति की बैठक का आयोजन



**तेजगढ।** होली व रमजान को लेकर तेजगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजन हुआ जिसमे तेजगढ़ ए एस आई संजय सिंह ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि गणमान्य जनों से होली त्यौहार को शांति पूर्ण मनाये जाने की बात कही। बैठक में तेजगढ़ व अनेकों गांव के जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिको और पुलिस स्टाफ की मौजूदगी रही।

# शांति समिति की बैठक आयोजित



**मडियादो।** पुराना थाना परिसर मडियादो में होली उत्सव पर्व ओर रमजान को सदभाव से मनाने के लिए शांति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित जन समूह से उत्सव संबंधी जानकारी लेते हुए पर्व को शांति , उल्लास से मनाए जाने की बात कही गई। थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे ने कहा कि होली पर्व पर जबरन हानिकारक रंग डालने से बचे। नशे से दूर रहे। पर्व आनन्द और खुशी के लिए है इसलिए आनंद ले। कहा गया कि सभी धर्मों का सम्मान करते हुए जबरन रंग न डाले और दूसरों को भी समझाइश दे। बसंत अग्रवाल द्वारा कस्बे में मनाई जाने वाली होली उत्सव की जानकारी गई। सरपंच प्रतिनिधि रामकरण अहिरवार द्वारा बैठक में बताया गया कि गर्मी में बढ़ती पानी की किल्लत का समाधान करने के लिए टैंकर से पानी प्रदाय किया जाएगा। इस दौरान अभिषेक जैन, बसंत अग्रवाल, विष्णु सोनी, राजबहादुर पटेल, महेंद्र अग्रवाल, रामकरण अहीरवाल, बद्री प्रसाद कुडेरिया, संतोष अहीरवाल, मनीष तंतुवाय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाईचारे के साथ मिलकर होली मनाने की अपील



**तारादेही।** बुधवार को तारादेही थाना परिसर में शाम 5 बजे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने त्यौहारों में शांति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई बताया गया। गुरुवार को होलिका दहन 14 को धुलेंडी 19 मार्च को रंगपंचमी मनाई जाएगी। होलिका दहन के दौरान आग बुझने तक निगरानी रखने बिजली आपूर्ति सुचारू रखने पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने सभी से त्यौहारों को शांति और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की अपील की उन्होंने असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि तारादेही ग्राम के अलावा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अन्य ग्रामों में भी पुलिस की नजर रहेगी। पुलिस जवान तैनात किए जा रहे हैं। पुलिस का सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। बैठक में सभी ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों ने त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने कहा कि होली का पर्व मस्ती का त्यौहार होता है त्यौहार के दौरान यदि कोई छोटी-मोटी गलती करता है तो उसे नजरंदाज करना होगा। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जैन सहित तारादेही ग्रामवासी जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग सहित पुलिस स्टाफ बैठक में मौजूद था।

# राजस्व कार्यों का लिया जायजा दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**बटियागढ़ ।** संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत और तहसीलदार बटियागढ़ योगेन्द्र चौधरी लगातार तहसील क्षेत्र में फार्मर आईडी सहित अन्य राजस्व कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में संयुक्त कलेक्टर रावत ने सोमवार सुबह 9 बजे से मौठा, बकायन, फुटेरा, सुनवाहा, मगरोंन, घूघस, बेलखेड़ी, आंजनी, घनश्यामपुरा और बटियागढ़ सहित अन्य ग्रामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पटवारी और सर्वेयर को शत-प्रतिशत कार्य करने निर्देश दिए। उन्होंने बटियागढ़ तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी से कहा तय समय अनुसार सभी पात्र किसनों की फार्मर आईडी बन जाए। ज्ञात हो कि तहसीलदार सहित राजस्व अमला लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों की फार्मर आईडी सहित अन्य राजस्व कार्यों को सुनिश्चित कर रहे हैं। संयुक्त कलेक्टर रावत ने बताया कि शासन के ऐसे निर्देश है कि होली के पहले ये फार्मर आई डी का कार्य पूरा हो जाना चाहिए। फार्मर आई डी सभी कृषिकों की तैयार की जा रही है। तो हम लोग इसे एक मिशन मोड़ में फूरा करा रहे हैं। आगे जो किसान सम्मान निधि मिलती है वो इसी के आधार पर मिलेगी। सभी ग्रामीण क्षेत्रों में थोड़ी थोड़ी पेन्डैन्सी बची है तो आज हम लोग सुबह से विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर कार्य करा रहे हैं।

# नगर में निकली श्री श्याम समागम ज्योति यात्रा



**हटा।** भगवान खाटू श्याम के भक्तो द्वारा इंदौर से बागेश्वर धाम व बागेश्वर धाम से खाटूश्याम जी लिए निकाली जा रही श्री श्याम समागम ज्योति यात्रा बुधवार की शाम उपकाशी नगरी हटा पहुंची जहां नगर में श्याम भक्तो द्वारा विशाल यात्रा डीजे बैण्ड बाजों के साथ निकाली गई। ज्योति यात्रा का प्रारंभ पेट्रोलपंप से होते हुए नायक तिगड्डा से होते हुए मंदिर मस्जिद चौराहा बड़ा बाजार होते हुए शुभारंभ स्थल पहुंची। इस ज्योति समागम यात्रा का लोगो द्वारा जगह-जगह स्वागत कर श्री खाटू श्याम की आरती वंदन कर आशीर्वाद लिया।

**खबर संक्षेप**

## चिकित्सकों की पूर्ति के लिये लिखा पत्र

**दमोह।** जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी होने के कारण चिकित्सा सेवायें दैनिक रूप से संचालित करने में कठिनाई को सुचारू रूप से संचालित करने डीआरपी प्रोग्राम अंतर्गत कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल को चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये पत्र लिखा है। उन्होंने स्त्री रोग विभाग में 03, शिशु रोग विभाग में 03, सर्जिकल विभाग में 02 मेडीसिन विभाग में 02 एवं रेडियोलॉजी विभाग में 02 चिकित्सक की मांग की है।

## आगजनी की घटना की शिकायत

**दमोह।** कलेक्टर श्री कोचर ने बताया दमोह जिले में नरवाई में आगजनी की घटनाओं की जानकारी या शिकायत दमोह हेल्पलाइन 07812-350300 पर दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने कहा सूचनादाता / शिकायतकर्ता का नाम और नम्बर गोपीय रखा जाएगा।

### हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लुहर्रा के पास हादसा

# शराब की पेटियों से भरी गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हिंडोरिया थाना अंतर्गत एक तेज रफ्तार पिकअप 407 गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार कर मौत के घाट उतार दिया। हादसे के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने से रक्त रंजित घायल देर तक सड़क किनारे पड़े रहे। बाद में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बाइक सवार निर्दोष युवकों को टक्कर मारने वाली पिकअप में शराब की पेटियां भरी हुई थी।

हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लुहर्रा के पास मंगलवार रात तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक एमपी 17 जी 1582 ने बाइक क्रमांक एमपी 34 एमओ 9930 को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क से उछल कर दूर जा गिरे। और सर से अधिक रक्त स्राव



हो जाने की वजह से काफी देर तक मौके पर पड़े रहे। बाद में गंभीर हालत में घायल प्रदीप अठ्या एवं मलखान ठाकुर निवासी भदोली को हिंडोरिया अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रदीप को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि दूसरे युवक को जिला अस्पताल से बेहद गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में जबेरा के पास उसकी भी मौत हो गई। जिस पर उसे भी देर रात जिला अस्पताल वापस ले आया गया। बुधवार को पोस्ट मार्टम कार्रवाई के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

दुखद दर्दनाक घटनाक्रम से राजपूत तथा अठ्या परिवार के युवा चिरागों के असमय बुझ जाने से होली की खुशियां जहां मातम में बदल गई वही भदौली गांव में भी मातम पसरा हुआ। घटनास्थल की जो तस्वीर सामने आई उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शराब की पेटियों से भरी गाड़ी कि चालक की लापरवाही रही है। क्योंकि बाइक सवार दोनों युवक सड़क के बीच नही बल्कि सड़क किनारे हादसे का शिकार हुए हैं। मामले में हिंडोरिया थाना प्रभारी का कहना है कि यह गाड़ी हिंडोरिया शराब दुकान पर शराब की पेटियों लेकर जा रही थी। गाड़ी को फिलहाल जप्त कर लिया गया है।

वहीं शराब का परमिट होने की बात कही जा रही हैं। आबकारी विभाग से शराब संबंधित दस्तावेजों की जांच कराई जाएगी। वह इस दर्दनाक हादसे के शिकार पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की जा रही है।

# पुलिस ने की बलवा ड्रिल, पैदल मार्च निकाला



**दमोह।** आगामी त्यौहारों के दौरान ज़िले में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बुधवार 12 मार्च 2025 को दमोह पुलिस द्वारा शहर के महाराणा प्रताप विद्यालय मैदान में बलवा ड्रिल का आयोजन कर अपनी तैयारियों को पुख्ता किया गया। संपूर्ण मॉक ड्रिल पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के समक्ष एवं उनके निर्देशन में संपन्न किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह, रक्षित निरीक्षक दमोह ,प्रभारी थाना यातायात दमोह एवं ज़िले के समस्त थाना प्रभारी मय पुलिस बल के मार्गदर्शक एवं सहभागी रहे। मॉक ड्रिल उपरांत विद्यालय मैदान से प्रारंभ कर शहर के प्रमुख मार्गो से पैदल मार्च निकाल कर ज़िले में शांति व्यवस्था के प्रति आमजनों को निश्चिंत किया गया।

## सादपुर से प्राप्त 19 रजत मुद्राएं जिला संग्रहालय में जमा

**दमोह।** जिले के ग्राम सादपुर में जैन मंदिर की भूमि पर संत निवास भवन का निर्माण कार्य चल रहा था, जिसके लिए निर्माण कार्य के दौरान कॉलम के गडडे खोदते समय खुदाई के दौरान चांदी के सिक्के मिले जिसमें से 19 चांदी के सिक्के प्राप्त हुए हैं। इस सबंध में तहसीलदार बटियागढ़ ने बताया जप्त किए गये चांदी के सिक्को को जिला कोषालय के माध्यम से जिला संग्रहालय में जमा किया गया हैं।

## रिक्त पदों की पूर्ति के लिये लिखा पत्र

**दमोह।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अवगत कराने पर कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने दमोह जिले के विकासखण्डों के बीपीएम यूनिट के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल को पत्र लिखा है कि जिले के 07 विकासखण्डों में से बीपीएमयू के अंतर्गत विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक के स्वीकृत 07 पदों में 05 प्रबंधक कार्यरत हैं 02 पदों यथा तेन्दूखेड़ा एवं बटियागढ़ के लिये, विकासखण्ड कम्युनिटी मोबिलाईजर 07 स्वीकृत पदों में 06 कार्यरत 01 तेन्दूखेड़ा के लिये तथा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक का 01 पद स्वीकृत होने पर 01 नगरीय क्षेत्र दमोह के लिये शीघ्र पूर्ति करने का आग्रह किया है। उन्होंने मिशन संचालक से आग्रह किया है कि पद रिक्त होने के कारण जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, अतः उक्त पदों की शीघ्र पूर्ति की जाये

**बीते दो दिनों से बाघिन तेन्दूखेड़ा तेजगढ़ के जंगलों जमाएं डेरा टीम कर रही निगरानी...**

# बाघिन एन-6 मस्तानी तेन्दूखेड़ा के बाद तेजगढ़ के जंगल पहुंची, टीम लगातार ले रही लोकेशन

**तेंदूखेड़ा।** जिले के नौरादेही अभ्यारण्य की सीमा और तेन्दूखेड़ा ब्लॉक की सीमा में केवल एक नदी व्यामा है जिसको पार करने पर सीमा बदल जाती है नदी के इस और तेंदूखेड़ा ब्लॉक है जबकि नदी के उस पार दमोह ब्लॉक लग जाता है और जंगली क्षेत्र में नौरादेही अभ्यारण्य की सीमा लग जाती है जिसमें अनेक प्रजाति के शाकाहारी जानवरों के साथ मांसाहारी जानवर अपना बसेरा बनाए हुए हैं इन्हीं मांसाहारी जानवरों में से बाघ के तेन्दूखेड़ा ब्लॉक में होने की सूचना मिलने पर उप वनमंडल तेन्दूखेड़ा के तहत आने वाली रेंजों के अमले को अलर्ट कराया गया है और कुछ ग्रामों में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को सतर्क किया गया है यदि वन अमले की मानी जाए तो ये वहीं बाघिन है जिसे 4 फरवरी को पेंच नेशनल पार्क से लाकर टाइगर रिजर्व नौरादेही रेंज के जंगल में छोड़ा गया था जहां बीते तीन चार दिनों से बाघिन एन-6 मस्तानी की लोकेशन कभी तेन्दूखेड़ा के जंगलों तो कभी तेजगढ़ झलौन के वन परिक्षेत्र के जंगलों में मिल रही है। बाघिन मस्तानी एन-6 दो दिनों से तेजगढ़ वन परिक्षेत्र में अपना बसेरा बनाए हुए थी लेकिन अब वह वन अमले के लिए परेशानी बनती जा रही है क्योंकि अमले का प्रयास है कि बाघिन एन-6 पुनः नौरादेही की सीमा में पहुंच जाए, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों का भय भी खत्म हो जाएगा और वन अमले की परेशानी दूर हो जाएगी। जिसके लिए पिछले तीन दिन से नोरादेही सहित दमोह जिले के डीएफओ और पूरा वन अमला तेन्दूखेड़ा व तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के जंगलों में लगा हुआ है लेकिन बाघिन वापस नौरादेही अभ्यारण्य नहीं लौट रही है आगे बढ़ते हुए तेन्दूखेड़ा के जंगलों से होकर तेजगढ़ के जंगल पहुंच गई है सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बाघिन एन -6 की बुधवार को कलमली के जंगल लोकेशन मिल रही थी लेकिन शाम को बाघिन का मूवमेंट तेजगढ़ की और मिल रहा है जहां टाइगर रिजर्व की टीम लगातार लोकेशन ट्रेस कर रही है।

## संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत, पुलिस कर रही जांच

**मड़ियादो।** मड़ियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलकुआ के बंजारा टोला में एक व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत होने का घटनाक्रम सामने आया है। मृतक की पहचान परसा उर्फ बूचा उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई है। जो घर से कुछ ही दूरी स्थित खेत पर सोमवार को रात में फसल रखवाली करने गया था। जिसे परिजनों के अनुसार मंगलवार की सुबह मृत अवस्था में देखा गया। परिजन मौत को हार्ट अटैक मान कर अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे हुए थे उसी दौरान हड़ंइ डायल पुलिस पहुंच गई और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम हेतु भेज दिया गया। फांसी की फैली खबरः भले ही मृतक के परिजन मौत का कारण हार्ट अटैक की संभावना जता रहे हैं और मौत की जानकारी सुबह लगने की बात कह रहे है पर संदिग्ध



मामला इस लिए लग रहा है कि मंगलवार रात्रि में मड़ियादो मदनटोर से बंजारा समुदाय की बारात कलकुआ बंजारा टोला गई हुई थी जो मृतक के घर के समीप ही थी। जिसके कुछ बाराती रात्रि में ही वापिस लौट आए तो उनके द्वारा गुपचुप तरीके से फांसी से मौत की चर्चा फैलाई गई थी। हालांकि इसमें हकीकत क्या है यह तो पोस्टमार्टम के बाद ही सामने आएगा। पंचनामा कारवाई के दौरान प्रधान आरक्षक अमित दुबे, आरक्षक डीके अहिरवार के अलावा बंजारा समुदाय और मृतक के परिजन मौजूद रहे। पुलिस के अनुसार पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मृत्यु का स्पष्ट कारण पता चल पाएगा।

## श्री सिद्धचक्र विधान में महिला मंडल ने किया द्रव्य दान



**पटेरा।** पटेरा नगर में श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी में महिला मंडल के द्वारा श्री सिद्ध चक्र विधान चल रहा है जिसमें प्रतिदिन अर्घ्य चढ़ाकर भगवान की आराधना की जा रही हैं। बुधवार को तारण तरण जैन महिला मंडल द्वारा विधान में द्रव्य ले जाया गया जिसमें महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुनीलरनी जैन, नेहा जैन शिक्षिका, संध्या चौधरी, श्रीमती सुषमा जैन, उमा जैन, श्रीमती विद्या जैन कुडई आदि महिलाएं ने सहभागिता प्रदान की।

# त्योहारों को लेकर पुलिस थाना में हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

होली रंगपंचमी एवं रमजान पर्व को लेकर बुधवार की शाम हटा पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक एसडीएम राकेश मरकाम की अध्यक्षता में एसडीओपी प्रशांत सुमन तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी थाना प्रभारी धर्मेन्द्र उपाध्याय सीएमओ राजेन्द्र खरे नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक व नगर के गणमान्य लोगो की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई जिसमें भाईचारे से होली मनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा के साथ मनाए जाने की अपील की। बैठक में बताया गया कि 14 मार्च शुक्रवार



को धुरेडी पड़ेगी एवं शुक्रवार को मुस्लिम समाज जुमा की नमाज अता करता है और इन दोनों रमजान माह चल रहा है जिसके चलते नवाजियों की संख्या कुछ अधिक बड़ी हुई है। होली खेलते समय किसी नवाजी पर रंग न पड़े इस आशय हेतु दोनों समुदायों के बीच चर्चा कर तय किया गया कि नगर में होली दोपहर 12:30 बजे तक खेली जाएगी और इसके बाद जुमा की नमाज अदा की जाएगी। एवं उन्हें नमाज पढ़ने मस्जिद जाने के लिए पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी इस पहल का शांति समिति की मीटिंग में आए मुस्लिम भाइयों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और मुस्लिम भाइयों ने कहा कि हम भी पूरा प्रयास करेंगे कि धुरेडी के दिन किसी को हमारी ओर से धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचेगी। बैठक में पहुंचे दोनों समुदाय के लोगों से एसडीएम एसडीओपी तहसीलदार द्वारा अपील की गई कि जिस तरह अभी तक आप लोग सम सद्भाव के साथ त्यौहार मनाते आए हैं आगे भी ऐसे मनाते रहेंगे। तहसीलदार त्रिवेणी त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन ने अपनी ओर से व्यवस्था पूरी की हुई है हुड़दंगियों असमाजिक गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। नशेड़ी एवं शराबियों पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, भोले सराफ, सोमिल सिंह हजारी, डां.सीएल नेमा, समाजसेवी सुनील राय, रत्नेश खटीक, पं.ब्रजेश दुबे, पवन ठाकुर, बृजेंद्र सिंह राजपूत, मयंक खटीक, बृजेश गुप्ता,रामनाथ राय, कैलाश ताम्रकार, रवि सोनी, योगेश तिवारी, विनोद वर्मन, विवेक जैन,राजा खान यासीन खान, मजीद खान, शमशाद खान, अंजार खान सहित नगर के लोगो की उपस्थिति रही।

# नवीन 100 / 300 बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण हेतु स्वीकृति के लिए कलेक्टर ने लिखा पत्र

**दमोह।** जिला चिकित्सालय वर्तमान भवन लगभग 60 से 65 वर्ष पुराना है, जिला चिकित्सालय में संचालित ट्रामा यूनिट, पैथालाजी लैब से लेकर ओपीडी तक के भवन को ध्वस्त कर स्थान पर मल्टीस्टोरी नवीन 300 बिस्तरीय अस्पताल भवन निर्मित हो सकता है तथा इसे वर्तमान में संचालित 300 बिस्तरीय अस्पताल से आसानी से जोड़ा जा सकता है। इस प्रकार जिला चिकित्सालय दमोह में निर्माणाधीन मैडीकल कॉलेज के लिये एम. सी. आई. के मापदण्डों के अनुरूप चिकित्सालय की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकती है। इस आशय का कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग स्वास्थ्य आयुक्त को पत्र लिखा हैं। पत्र में कहा गया उपरोक्त विकल्पों को संज्ञान में लेते हुये जिला चिकित्सालय दमोह में नवीन 100/ 300 बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की जाये। पत्र में कहा गया जिला चिकित्सालय दमोह में नवीन अतिरिक्त अस्पताल के निर्माण के संबंध में दो विकल्प प्रस्तावित हैं। इनमें विकल्प 01 में जिला चिकित्सालय परिसर के नजदीक स्थित वन विभाग की 1600 वर्गमीटर आवंटित भूमि पर 100 बिस्तरीय अस्पताल भवन निर्माण किया जा सकता है। विकल्प 02 में जिला दमोह में नवीन शासकीय मेडीकल कॉलेज निर्माणाधीन है, एम. सी. आई. के मापदण्डों के अनुसार मेडीकल कॉलेज के साथ 600 बिस्तरीय अस्पताल की संचालित होना अनिवार्य है, परंतु मेडीकल कॉलेज भवन निर्माण के साथ 600 बिस्तरीय अस्पताल भवन की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। वर्तमान में जिला चिकित्सालय दमोह 300 बिस्तरीय स्वीकृत है अतः जिला चिकित्सालय को एम.सी.आई. मापदण्डों के अनुरूप संचालन करने हेतु अतिरिक्त 300 बिस्तरीय अस्पताल की आवश्यकता पड़ेगी। वर्तमान में जिला चिकित्सालय दमोह में 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीएचबी) एवं आईपीएचएल लैब निर्माणाधीन है, जो कि अप्रैल माह में स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित हो जाने की संभावना है। अस्पताल प्रशासन द्वारा इस नवीन भवन में जिला चिकित्सालय में संचालित ट्रामा यूनिट, ओपीडी एवं पैथालॉजी लैब स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है।

# पावापुरी अहिंसा रथ यात्रा की हुई भव्य अगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में दिल्ली से दमोह तक पहुंची पावापुरी अहिंसा रथ यात्रा का वसुंधरा नगर में बहुत उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया वसुंधरा नगर के श्रद्धालुओं ने रात्रि में आरती की एवं प्रातः काल अभिषेक एवं शांति धारा का सौभाग्य अर्जित किया। सोधर्मइंद्र बनकर महेश जैन एवं पंडित प्रेमचंद जैन, जिनेंद्र जैन, सुनील वेजीटेरियन संदीप अभाना ने आदि ने इंद्र बनकर अभिषेक करने का सौभाग्य अर्जित किया शांति धारा करने का सौभाग्य निर्मल कुमार जैन परिवार जिनेंद्र जैन संदीप भारिल परिवार एवं ऋषभ निखिल सचिन डिप्टी कलेक्टर परिवार को प्राप्त हुआ। इस अहिंसा रथ के प्रवर्तन से भगवान महावीर स्वामी के अमर संदेश जियो और जीने दो का प्रसारण सारे विश्व में हो रहा है इसे धर्म की माहिती प्रभावना हो रही है जैन धर्म के जन-जन में प्रचार हेतु इस तरह के माध्यम मानवता के कल्याण एवं विश्व शांति के लिए आवश्यक है हम सबको 500 वर्ष से अधिक प्राचीन भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के दर्शन एवं अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस मौके पर आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर वसुंधरा नगर समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण की उपस्थिति रही।

# विलुप्त होने की कगार तक पहुंची प्राचीन बावड़ी



**गैसाबाद।** श्रीराम कुमार मंदिर परिसर में स्थापित प्राचीन बावड़ी जिसे बुंदेलखंडी भाषा में लोग विहर भी बोलते हैं शासन प्रशासन की अनदेखी के चलते विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है। इस प्राचीन बावड़ी का क्षतिग्रस्त होना दुर्भाग्यपूर्ण है। बावड़ी के कुछ पत्थर भी नदारत है ,लोग बताते हैं कि किसी जमाने में यह जनउपयोगी बावड़ी पूरे गांव की प्यास बुझाया करती थी लोग इसी बावड़ी का पानी भरकर अपने घरों को ले जाते थे लेकिन वर्तमान समय में इसका पानी पीने लायक नहीं रह गया है। बावड़ी में कूड़ा कचरा एवं चोई साफ देखी जा सकती है यह बावड़ी जमीन के समतल होने से इसका पनघटा नहीं बनने से इसमें मवेशियों के गिरने का खतरा भी बना रहता है। इस प्राचीन धरोहर का धीरे-धीरे अस्तित्व ही समाप्त होते जा रहा है ग्रामीण जनो ने क्षतिग्रस्त बावड़ी का सुधार किए जाने एवं साफ सफाई कर पनघटा बनाए जाने की मांग की है।

# पोषण आहार वितरित करने गए वाहन के चालक के साथ मारपीट

**तेंदूखेड़ा।** दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में आने वाले महगवाकला गांव में मंगलवार की दोपहर आंगनबाड़ी केंद्रो पर पोषण आहार वितरण करने पहुंचे वाहन चालक के साथ स्थानीय लोगों के द्वारा मारपीट कर दी। साथ ही वाहन में तोड़फोड़ कर दी। उसके बाद घायल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। घायल वार्ड नो निवासी प्रीतम साहू ने बताया वह सुदामा यादव के साथ महिला बाल विकास का पोषण आहार आंगनबाड़ी के केंद्रों में वितरण करने का कार्य करते है। मंगलवार को वह पोषण आहार की बोरिया लेकर अपने मिनी ट्रक से सैलवाडा सेक्टर गये थे। महगवाकला आंगनबाड़ी केंद्र में जब वह वाहन से बोरियां उतार रहे थे। उसी समय बलिराम साहू, महेंद्र साहू, अंकित साहू, रज्जो साहू और महेंद्र साहू की बहू ने एक राय होकर उस पर लाठियों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पीतम सुदामा के साथ तेंदुखेडा थाने पहुंचा पुलिस को पूरी घटना बताई लेकिन पुलिस ने पांच की जगह दो पर मामला दर्ज किया। प्रीतम के शरीर में कई जगह चोट आई उसके बाद आरोपियों ने 407 वाहन पर पत्थर फेंके और सीसे फोड़ दिए। सुदामा यादव ने बताया कि वह भी साथ में था। अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों में बोरिया उतरने के बाद महगवाकला आंगनबाड़ी केंद्र में बोरिया उतार रहे थे। तभी बलिराम और अन्य दो पुरुष और दो महिलाओं ने प्रीतम के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके बाद 407 वाहन के साथ तोड़फोड़ कर दी जिसमें वाहन भी पूरी तरह क्षतिगस्त हो गया। सुदामा यादव ने बताया हम लोग तेंदूखेड़ा थाने गये पूरी घटना बताई, लेकिन पुलिस ने पांच की जगह दो लोगों को मामले में आरोपी बनाया है।



## सगे संबंधी है मारपीट करने वाले

पीतम साहू ने जिन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। वह उसके सगे संबंधी है पीतम साहू ने बताया कुछ दिन पहले बलिराम साहू की लकड़ी की शादी थी उसमें मेरा और बलिराम का विवाद हो गया था। उस दिन मामला वहीं खत्म हो गया था लेकिन में मुगलवार को खाद्यान्न की बोरी लेकर गया तो मेरे साथ साडू भाई और उसके पूरे परिवार ने मारपीट की और कह रहे थे यदि अब महगवा में दिखे तो जान से मार देगे। सुदामा यादव ने परियोजना अधिकारी को भी लिखित शिकायत की है जिसमें बताया हैं कि पीतम साहू के वाहन से प्रत्येक माह आंगनबाडियों तक पोषण आहार हमलोग भेजते थे। मगर मंगलवार को पीतम का रास्ता रोककर मारपीट की गई और वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बीच बचाव में मेरे साथ ही गली गलौज की गई है सुदामा यादव ने बताया मेरे ओर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सामने पांच लोगो ने मारपीट की है।

# पुरोहित संघ की बैठक में चंद्रगोपाल पौराणिक बने नव नियुक्त अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मां बड़ी देवी प्रांगण में विप्र पुरोहित संघ की बैठक संपन्न हुई जिसमें छोटे सरकार जै जै की सानिध्य में एवं समस्त विप्रो के द्वारा नव नियुक्त अध्यक्ष के पद पर अजय गर्ग को नियुक्त किया गया। वही पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक बड़े महाराज ने बताया कि पुजारी पुरोहित संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष को बहुत-बहुत बधाई और होली मिलन समारोह की भी बहुत-बहुत सभी दमोह वासियों को शुभकामनाएं, इसी उपलक्ष्य में मां बड़ी देवी प्रांगण में फूल होली का किया गया आयोजन। वही समस्त पुजारी पुरोहित संघ के सभी लोगों ने और समस्त मंदिर के पुजारियों की भी उपस्थित रही। और वही बधाई देने बालो में पंडित सुनील शास्त्री, पंडित महिमानंद शास्त्री, आशीष कटारे, कैलाश प्यासी, मोनू पाठक, रवि शास्त्री मिक्की शास्त्री, सुदर्शन पाठक, अमित शास्त्री, सत्यम मिश्रा, अंकुर दुबे, केशव रावत, गोपाल रावत, शारदा गर्ग, मनमोहन शास्त्री, ठाकुर महाराज, हरिशंकर पांडे, विनोद पांडे ने बधाई दी। आशुतोष गौतम छोटू शास्त्री ने सभी का आभार व्यक्त किया।